अतिसय प्रीति देखि रघुबीरा । प्रगटे हृदयँ हरन भव भीरा ॥
मुनिहि राम बहु भाँति जगावा । जाग न ध्यान जनित सुख पावा ॥
भूप रूप तब राम दुरावा । हृदयँ चतुर्भुज रूप देखावा ॥
| Ram Katha 931 - मानस चतुर्भुज || Limbdi - Gujarat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 208 | इंदौर, बुधवार 07 फरवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Uttarakhand UCC Bill : विधानसभा सत्र शुरू... मुख्यमंत्री धामी सदन में पहुंचे, आज पारित हो सकता है यूसीसी
2. Delhi: संसद के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्रालय की सुरक्षा में सेंध, फर्जी दस्तावेज के सहारे घुसा युवक
3. Maharashtra: 'अजित पवार को NCP मिलना मोदी की गारंटी', चुनाव आयोग के फैसले पर भड़के संजय राउत
4. USA: कैलिफोर्निया की सरकार ने माना हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं जातीय भेदभाव, हिंदू संगठन बोले- ये बड़ी जीत
5. Elon Musk: 'वहां भेदभाव का माहौल...', स्पेसएक्स के पूर्व कर्मचारियों ने एलन मस्क की कंपनी पर लगाया आरोप
6. Pakistan: पाकिस्तान में तय हैं चुनाव के नतीजे? भारत के पूर्व उच्चायुक्त ने इस पार्टी की जीत की जताई संभावना

# हरदा हादसा- रेस्क्यू कर रही वाराणसी से आई एनडीआरएफ की टीम

**पटाखा फैक्ट्री में रात में भी पटाखे फूटते रहे, मलबा भी हटाया जाता रहा**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

हरदा। हरदा में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 11 लोगों की मौत हो गई। 217 लोग घायल हो गए, इनमें फैक्ट्री के 51 मजदूर शामिल हैं। 73 लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। 38 घायलों को हरदा से रेफर किया गया है। अब तक 95 लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा चुका है। हरदा जिला अस्पताल में भर्ती मजदूर संदीप ने बताया कि हादसे के वक्त फैक्ट्री में 20-25 बच्चे भी थे।

जिस बेसमेंट में बारूद रखा था और मजदूर काम कर रहे थे, उसका मलबा हटाया जा रहा है। इसके लिए हेडक्वाटर वाराणसी से नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ ) की 35 सदस्यों की टीम आई है।

मंगलवार देर रात तक 2 घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। 51 गंभीर घायलों को भोपाल, इंदौर और नर्मदापुरम रेफर किया गया। कई अब भी लापता हैं। टीम मलबे में दबे लोगों को निकालने में जुटी है। हालात का जायजा लेने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को हरदा जाएंगे।

हादसे में फैक्ट्री के आसपास बने 60 घर जल गए। एहतियातन 100 से ज्यादा इमारतों को खाली करा लिया गया। हरदा एसडीएम केसी परते का कहना है कि फैक्ट्री अनफिट थी। उधर, फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल, सोमेश अग्रवाल और रफीक खान को रात करीब 9 बजे राजगढ़ जिले के सारंगपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ हरदा सिविल लाइन थाने में केस दर्ज किया गया है।

## →कमलनाथ बोले- शासन-प्रशासन की लापरवाही

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, हरदा में पटाखा फैक्ट्री में शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण ब्लास्ट हुआ है। वहीं पूर्व कांग्रेस सांसद यादव ने सरकार से चार सवाल किए

फैक्ट्री के मालिक के सत्तारूढ़ पार्टी से क्या संबंध है एवं फैक्ट्री मालिक को हरदा के किस नेता का संरक्षण प्राप्त है?

ब्लैक लिस्टेड होने के बाद भी आबादी क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री कैसे संचालित हो रही थी?

फैक्ट्री मालिक और संरक्षण देने वालों के खिलाफ सरकार के तहत कार्रवाई करेगी ?

जब फैक्ट्री अवैध थी तो इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री कहाँ से आई ?

## →कांग्रेस नेता अरुण यादव बोले- फैक्ट्री मालिक भाजपा नेता है

हरदा पटाखा फैक्ट्री का मालिक भाजपा नेता है, इनकी ब्लैक लिस्टेड फैक्ट्री एक बड़े कद्दावर नेता के संरक्षण में चल रही थी, फैक्ट्री में विगत वर्षों में 2 बार विस्फोट पहले भी हो चुका है, जिसमें 6 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। कांग्रेस नेता अरुण यादव ने कहा, वर्ष 2011 में टीकमगढ़ एवं राऊ में पटाखा फैक्ट्री में 14 लोग एवं 2014 में बडऩगर की पटाखा फैक्ट्री में 15 लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2015 में झाबुआ के पेटलावद ब्लास्ट में 79 लोगों की मौत हुई थी। सरकार ने इन घटनाओं से क्यों कुछ नहीं सीखा?

## एक-एक करोड़ मुआवजा दे सरकार

उधर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने घटना के लिए सरकार को दोषी ठहराया है। मृतकों के परिजन को एक-एक करोड़ रुपए सहायता राशि देने की मांग सरकार से की है।

# पाँच पटाखा फैक्ट्री और गोदामों को किया गया सील

**हरदा में पटाखा फैक्ट्री में हुई भीषण आगजनी की दुर्घटना के मद्देनजर इंदौर जिले में कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में सुरक्षा संबंधी सभी उपाय सुनिश्चित कराये जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने इंदौर जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों का निरीक्षण करें।**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। निर्देश दिए गए हैं कि पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों में सुरक्षा संबंधी सभी उपाय सुनिश्चित होने चाहिए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि इन पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों की वैधानिकता भी सुनिश्चित होनी चाहिए।**

इसी क्रम में इंदौर जिले के एसडीएम एवं तहसीलदारों द्वारा निरीक्षण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। आज राऊ क्षेत्र में एसडीएम श्री राकेश परमार एवं उनके साथी अधिकारी तथा पुलिस प्रशासन ने अपने क्षेत्र का भ्रमण कर पटाखा फैक्ट्री एवं गोदाम का निरीक्षण



किया। अधिकारियों द्वारा राऊ के बापू कृपा फायर वर्क्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सुरक्षा मानकों की पूर्ति नहीं पाये जाने पर मौके पर ही फैक्ट्री को सील करने की कार्यवाही की गई। जिले के अन्य क्षेत्रों पर भी निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह के निर्देशानुसार आज एसडीएम महू विनोद राठौर द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से महू क्षेत्र के विभिन्न पटाखा गोदामों की सघन जाँच की गई। सब डिवीजन महू में पटाखा के गोडाउंस और उनकी दुकानों की जांच में सुरक्षा के सभी उपकरणों, पानी, रेती, वेंटिलेशन आदि व्यवस्था एवं लाइसेंस की शर्तों, क्षमता के अनुसार स्टॉक का मिलान आदि बिंदुओं पर जांच की गई। लगभग 15 लाइसेंस धारियों की जांच की गई। जिसमें 4 स्थानों के गोदामों को आगामी कार्यवाही तक सील किया गया है। जिन गोदामों को सील किया गया उनमें रवि फायर वर्क्स श्री सुरेश फेरवानी अम्बाचंदन, फर्म श्याम सुंदर जसवानी अम्बाचंदन, लक्ष्मी फायर वर्क्स इंडस्ट्री प्रो नरेश बालचंदानी दतोदा, लक्ष्मी फायर वर्क्स प्रो. जमनादास बालचंदानी शामिल हैं। इन चारों फर्म्स के सभी लाइसेंस के गोडाउन को सील किया गया है। आगे भी सघन जाँच होती रहेगी।

## भिक्षा मंगवाने वाले दोषियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** जिले को बाल भिक्षा मुक्त जिला बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं। जिला टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिले के विभिन्न चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर बाल भिक्षा वृति रोकथाम अभियान चलाया जाएगा। जिले को बाल भिक्षा मुक्त बनाये जाने की कार्यवाही की जाने हेतु विभिन्न विभागों के 07 संयुक्त दलों का गठन किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि उक्त दलों में स्मार्ट सिटी परियोजना, नगर निगम इंदौर, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शौर्य दल सदस्य एवं संस्था प्रवेश इंदौर के सदस्यों को सम्मिलित किया गया है। उक्त गठित दल शहर के 40 विभिन्न चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर बाल भिक्षा वृत्ति में लिप्त बालकों को अभिरक्षा में लेकर बाल कल्याण समिति जिला इंदौर के समक्ष प्रस्तुत कर बालकों के पुर्नवास संबंधी कार्य करेंगे। बाल भिक्षा वृत्ति में लिप्त शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा विभाग के माध्यम से पुनः शिक्षा से जोडा जायेगा।

उक्त अभियान अंतर्गत जो व्यक्ति भीख मंगवाने के प्रयोजन से बालकों को नियोजित करता है या किसी बालकों से भीख मंगवाता है ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं सशोधित अधिनियम 2021 की धारा 76 (1) के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। दोषी व्यक्ति को पांच वर्ष तक के कारावास और एक लाख रुपये जुमार्ना के दण्ड का प्रावधान हैं।

## कलेक्टर व अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनी

### →जरूरतमंदों को दी तात्कालिक सहायता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई। इस जनसुनवाई में कलेक्टर श्री आशीष सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर श्री सिंह ने जरूरतमंदों को तत्कालिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई।**

जनसुनवाई में आज दुगाबाई पति रमेश निवासी ग्राम अजनौद को इलाज के लिए तीन हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गई। इसी तरह खातूनबी और भगवंती बाई क्रमशः पाँच हजार और तीन हजार रुपए मंजूर किए गए। एक अन्य जरूरतमंद कृष्णकुमार को भी पॉच हजार रुपए की मदद दी गई। जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर श्री गौरव बेनल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारियों ने भी नागरिकों की समस्याओं को सुना। आज भी अधिकांश प्रकरण संपत्ति विवाद, घरेलू विवाद आदि के थे। इनके निराकरण की समय सीमा तय कर अधिकारियों को सकारात्मक निराकरण के निर्देश दिए गए।

## मंत्री सिलावट पहुँचे एमवाय हॉस्पिटल, घायलों से की मुलाकात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट आज सायंकाल महाराजा यशवंतराव हॉस्पिटल पहुँचे और हरदा की अग्नि दुर्घटना में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को दिए। मंत्री श्री सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस घटना पर जाँच के उच्च स्तरीय निर्देश दिए हैं। साथ ही घायलों के निःशुल्क इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। मंत्री श्री सिलावट ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए जाने वाले शाला त्यागी बच्चों को पुन: शिक्षा से जोडा जायेगा

### भिक्षा मंगवाने वाले दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध होगी कड़ी कार्यवाही

**→पांच वर्ष तक के कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। इंदौर जिले को बाल भिक्षा मुक्त जिला बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा हैं। जिला टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जिले के विभिन्न चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर बाल भिक्षा वृति रोकथाम अभियान चलाया जाएगा। जिले को बाल भिक्षा मुक्त बनाये जाने की कार्यवाही की जाने हेतु विभिन्न विभागों के 07 संयुक्त दलों का गठन किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि उक्त दलों में स्मार्ट सिटी परियोजना, नगर निगम इंदौर, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शौर्य दल सदस्य एवं संस्था प्रवेश इंदौर के सदस्यों को सम्मिलित किया गया है। उक्त गठित दल शहर के 40 विभिन्न चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर बाल भिक्षा वृत्ति में लिप्त बालकों को अभिरक्षा में लेकर बाल कल्याण समिति जिला इंदौर के समक्ष प्रस्तुत कर बालकों के पुर्नवास संबंधी कार्य करेंगे। बाल भिक्षा वृत्ति में लिप्त शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा विभाग के माध्यम से पुनः शिक्षा से जोडा जायेगा।

उक्त अभियान अंतर्गत जो व्यक्ति भीख मंगवाने के प्रयोजन से बालकों को नियोजित करता है या किसी बालकों से भीख मंगवाता है ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और सरक्षण) अधिनियम 2015 एवं सशोधित अधिनियम 2021 की धारा 76 (1) के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी। दोषी व्यक्ति को पांच वर्ष तक के कारावास और एक लाख रुपये जुर्माना के दण्ड का प्रावधान हैं।

## स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

**इन्दौर।** जिले के डॉ. अम्बेडकर नगर महू में गुरुजी रविन्द्र शर्मा स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र का आज श्री सुरेश सोनी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक सुश्री उषा ठाकुर, महाप्रबंधक कोल इंडिया श्रीमती रेणू चतुर्वेदी तथा प्रबंध निर्देशक पाथ इंडिया श्री नितिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### फर्जी नाम से बुकिंग के बाद हितग्राहियों को डेढ़ से दो लाख ज्यादा में बेच रहे लैट

# प्रधानमंत्री आवास आवंटन में धांधली

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**



**इंदौर।** शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमवाय) आवंटन में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इसमें दलाल गिरोह के सक्रिय रहने की आशंका है। दलाल फर्जी नाम से फ्लैट बुकिंग कर रहे, फिर अधिक राशि लेकर वही फ्लैट हितग्राही को आवंटित कर रहे। ऐसी एक शिकायत हितग्राही ने एमआईसी सदस्य से की, तब मामले का खुलासा हुआ। दरअसल, इस योजना में हितग्राहियों के चयन के लिए दो निजी एजेंसी मेसर्स अप टू दि मार्क एडवरटाइजिंग प्रालि और मेसर्स मिरेकल इवेंट्स को निगम ने नियुक्त किया है। एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने एजेंसियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने निगमायुक्त व अपर आयुक्त को पत्र लिखकर कहा है, दलालों के माध्यम से एक ही आवास के लिए एक से अधिक व्यक्तियों से पैसा लिया जा रहा है। बाकायदा रसीद भी काटी जा रही है। दोनों एजेंसियों को काम से हटाने की मांग करते हुए जांच करवाने के लिए भी कहा है। उनका कहना है कि निगम की नाक के नीचे सालों से यह सब चल रहा है। निजी एजेंसियों के भरोसे होने के कारण दस्तावेजों में हेरफेर की पूरी संभावना है। उन्होंने पीएमवाय के तहत नियुक्त कंसल्टेंट पर भी आरोप लगाया है।

**इस तरह हुआ खुलासा-** गौतम सिंह और शिव नामक हितग्राही गुलमोहर ग्रीन्स में खुद के लिए मकान देखने गए। वहां मौजूद व्यक्ति ने एक-दो लाख रुपए अधिक मांगे। तीन दिन पहले दोनों एमआईसी सदस्य व योजना प्रभारी राजेंद्र राठौर के पास गए और मामला बताया। राठौर ने योजना अधिकारी संतोषी गुप्ता को इस तरह पैसा मांगे जाने के बारे में बताया। हितग्राहियों ने पैसा जमा करवा दिया। फिर दोनों हितग्राही निगम पहुंचे और फ्लैट बुकिंग की रसीद बताई। यह भी बताया कि बुकिंग के समय संदीप नाम के व्यक्ति ने 4 लाख रुपए मांगे। रसीद देखने के बाद मामले की पोल खुली। दरअसल, जिस फ्लैट के लिए राशि मांगी गई, वह फ्लैट गीताबाई नाम की महिला के नाम पर पहले से बुक था। आवंटन हुआ, तब पता चला कि गीताबाई नाम की कोई महिला ही नहीं है। ऐसा ही एक मामला नर्मदा परिसर बड़ा बांगड़दा का है, जहां हितग्राही जानकीलाल सोनी से 7 लाख की बजाय 8.5 लाख रुपए लिए गए। इस मामले में तो अपर आयुक्त ने पंचनामा भी बनाया था। मार्केटिंग एजेंसी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने और अनुबंध निरस्त करने के आदेश भी दिए गए थे।

### दलाल ज्यादा राशि लेकर फ्लैट दे रहे

*प्रधानमंत्री आवास योजना में फ्लैट की बुकिंग के दौरान 20 प्रतिशत राशि जमा करवाने का प्रावधान है। फर्जी नाम से बुकिंग करवाई जा रही है। यदि कोई फ्लैट नहीं लेता है तो उसकी जमा राशि में से 25 फीसदी राशि काटकर दे दी जाती है। 35 हजार जब्त कर लेते हैं। दलाल ज्यादा राशि में फ्लैट किसी और को दे देते हैं। गौतम सिंह की रसीद पर गीताबाई का नंबर लिख दिया गया। ऑनलाइन रिकॉर्ड चेक करवाया तब यह गड़बड़ी मय प्रमाण सामने आई है।*

*- राजेंद्र राठौर, एमआईसी सदस्य*

### एजेंसियों को ब्लैक लिस्टेड कर चुके हैं

*मुझे भी इसकी लगातार शिकायतें मिल रही थीं। करीब डेढ़ महीना पहले ही इस मामले की जांच करवाई थी। सारी शिकायत सही पाई थी। हमने मार्केटिंग एजेंसियों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। पहले ही उनके खिलाफ एफआईआर के लिए पुलिस को आवेदन भी दे चुके हैं।*

*- हर्षिका सिंह, निगमायुक्त*

## MPPSC ऑफिस परिसर में स्टूडेंट KA प्रदर्शन, नॉनस्टॉप नारेबाजी



**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** इंदौर MPPSC ऑफिस परिसर में 18 घंटे से स्टूडेंट प्रदर्शन कर रहे हैं। नॉनस्टॉप नारेबाजी भी हो रही है। ओढ़ने-बिछाने के लिए कंबल और चादर का भी इंतजाम कर लिया है। सोमवार रात ठिठुरन में सभी यहीं पड़े रहे। मंगलवार सुबह जब अलग-अलग जत्थे में चाय पीने निकले तो अधिकारियों को लगा स्टूडेंट शायद धरना समाप्त करके निकल रहे हैं। लेकिन सभी चाय पीकर फिर से वापस आ गए।

छात्रों का कहना है कि यहीं बैठकर तैयारी करेंगे। जब तक मांग पूरी नहीं होगी धरना चलता रहेगा। यह स्टूडेंट पीएससी प्री परीक्षा पास कर चुके हैं। 11 मार्च से शुरू हो रही मेंस की तारीख बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन में इंदौर, उज्जैन, रीवा, सागर सहित प्रदेश के कई शहरों के स्टूडेंट्स हैं। मामला 6 हजार स्टूडेंट्स से जुड़ा है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के दफ्तर का घेराव सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे से शुरू हुआ था। इनकी मांग है कि मेंस की तैयारी के लिए ज्यादा समय दिया जाए। नहीं तो आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। सुनवाई नहीं हुई तो भूख हड़ताल पर करेंगे। PSC पर मनमानी और तानाशाही के आरोप भी लगाए हैं। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। पुलिस अधिकारियों ने स्टूडेंट्स को प्रदर्शन खत्म करने के लिए समझाइश भी दी, लेकिन वे नहीं मान रहे। स्टूडेंट भास्कर कलावत ने बताया कि हमारे प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार शाम को डिप्टी सेक्रेटरी राखी सहाय से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में मीटिंग कर निर्णय लिया जाएगा। स्टूडेंट्स सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा कि एक महीने से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं हो रहा है। एमपीपीएससी ऑफिस के बाहर रात को मोबाइल लाइट्स जलाकर प्रदर्शन करते रहे।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ने किया राज गोयल का अपने उद्योग का सपना पूरा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इन्दौर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश में अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे हैं। हजारों युवा इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने बेहतर जीवन आगे बढ़ रहे हैं। अपना खुद का उद्योग/व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। इससे एक ओर उन्हें तो रोजगार मिल ही रहा है साथ ही दूसरों को भी रोजगार देने की स्थिति में पहुंच गए हैं। इन्हीं में से एक इन्दौर के राज भावेश गोयल हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की मदद से इंदौर जिले के 31 वर्षीय राज भावेश गोयल ने 10 लाख रूपये का ऋण प्राप्त किया। इन्होंने अपनी ही माउथ फ्रेशनर निर्माण इकाई स्थापित की। राज गोयल ने बताया कि मेरा सपना था कि मेरी उद्यौगिक इकाई हो।

# इंदौर एयरपोर्ट की रैंकिंग में गिरावट, शीर्ष पांच से हुआ बाहर

**इंदौर। देश में स्वच्छता के मामले में नंबर-1 इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की रैंकिंग में गिरावट दर्ज की गई है। रैंकिंग गिरावट के साथ इंदौर ऐयरपोर्ट देश के टॉप 5 एयरपोर्ट की सूची से बाहर हो गया है। इंदौर एयरपोर्ट के 31 बिन्दुओं के सर्वे में से 11 बिन्दुओं पर उसके अंक कम हो गए हैं। इस सर्वे के बाद आई रिपोर्ट में गोवा देश का नंबर वन एयरपोर्ट बन गया है। जबकि विशाखापट्टनम दूसरा और रायपुर एयरपोर्ट तीसरे स्थान पर है। इंदौर एयरपोर्ट 7 वें नंबर पर पहुंच गया है। बता दें कि यह रिपोर्ट हर तीन माह में जारी की जाती है।**




इंदौर एयरपोर्ट फरवरी 2023 के पहले देश में नंबर एक स्थान पर था। मगर अब इंदौर विमानतल से यह सम्मान छिन गया है। इसका कारण साफ-सफाई पर ध्यान न देना है। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का 33 बिंदुओं पर हुए सर्वे में 11 बिंदुओं में उसके अंक कम हुए हैं। इसमें से दो स्वच्छता से जुड़े हैं। देश में अब इंदौर का सातवां स्थान है। रिपोर्ट के अनुसार इंदौर एयरपोर्ट को वर्ष 2023 के अक्टूबर से दिसंबर की आखिरी तीसरी तिमाही में कुल 4.89 अंक प्राप्त हुए हैं। गोवा एयरपोर्ट को पांच में से 4.96, विशाखापट्टनम को 4.92, रायपुर को 4.91 अंक मिले हैं।

### यहां कम हुए इंदौर एयरपोर्ट के अंक

- उड़ान की जानकारी की उपलब्धता
- टर्मिनल में चलने की दूरी
- वाईफाई सेवा की गुणवत्ता
- चार्जिंग स्टेशनों की उपलब्धता
- मनोरंजन और विश्राम के विकल्प
- टायलेट की स्वच्छता
- हवाई अड्डे पर पहुंचने में आसानी
- टर्मिनल पर पहुंचने के लिए साइन बोर्ड
- हवाई अडडे पर पहुंचने के लिए परिवहन साधन का मूल्य
- शापिंग और डायनिंग स्टाफ की शिष्टता और मदद
- दुकानों का मूल्य वेल्यू फार मनी शाप

### इसलिए होता है सर्वे

*नियमानुसार जिस एयरपोर्ट से यात्रियों की संख्या सालाना 18 लाख से अधिक हो जाती है, वहां एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) द्वारा एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यू) सर्वे किया जाता है। इसे इंटरनेशनल रैंकिंग सर्वे भी कहा जाता है। एशिया पैसिफिक के 18 देशों के कुल 98 एयरपोर्ट पर यह सर्वे होता है। इसके अंतर्गत भारत में प्रमुख 15 एयरपोर्ट आते हैं। भारत के शेष घरेलू एयरपोर्ट पर कस्टमर सेटिस्फेक्शन सर्वे होता है। कुछ साल पहले इंदौर घरेलू एयरपोर्ट की सूची में शीर्ष 10 में रहा था। इंदौर में अब यात्रियों की संख्या बढ़ने पर यहां सर्वे होता है।*

# युवाओं में बढ़े हार्ट अटैक के मामले दिनचर्या में बदलाव जरूरी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर। युवाओं में बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामले अत्यंत चिंताजनक हैं। कम उम्र के युवा भी अब अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं। इससे बचने के लिए युवाओं को अपनी दिनचर्या को प्रकृति के करीब ले जाना होगा। योग को तो जीवन में शामिल करना ही होगा, साथ ही खानपान में भी परिवर्तन अत्यंत जरूरी है। इसके साथ ही आयुर्वेद और पंचकर्म से भी इन बीमारियों से बचा जा सकता है।**



यह बात डा. गुरुदत्ता आनंद अमीन ने माई मंगेशकर सभागृह में हृदय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत आयोजित एक जनजागरूकता सेमिनार में कहीं। सेमिनार में हर उम्र के लोगों के ब्लड प्रेशर, शुगर और हृदय रोग से जुड़े सवालों के जवाब दिए और भ्रांतियों को दूर किया। उन्होंने बताया कि एक संयमित और नियमित खानपान से इन बीमारियों पर नियंत्रण के साथ ही निजात पाई जा सकती है। स्वास्थ्यवर्धक भोजन, आहार में फाइबर की भूमिका, पानी का सेवन आदि पर बात करके हम मरीज की खानपान संबंधी भ्रांति भी दूर कर सकते हैं।

### बड़ी संख्या में शामिल हुए इंदौरी

सेमिनार में बड़ी संख्या में युवा और बुजुर्ग शामिल हुए, जो कि ब्लड प्रेशर, शुगर और हार्ट की बीमारियों से पीड़ित है। स्वप्निल मंडोले ने बताया कि वर्तमान समय में ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और शुगर जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। युवा भी इन बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। कोरोना संक्रमण के बाद हार्ट अटैक के मामलों में भी काफी इजाफा हुआ है।

इसी को देखते हुए यह जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। लोगों को पंचकर्म उपचार, प्राणायाम, ध्यान, धारणा, सौम्य व्यायाम और आयुर्वेदिक आहार लेने की सलाह दी जाती है, जिससे लिपिड प्रोफाइल में सुधार के साथ-साथ रक्त की आपूर्ति करने वाली धमनियों की अंदरूनी दीवारों पर चर्बी, कोलेस्ट्राल और अन्य पदार्थ संचयित ना हो सकें।

# जावरा एसडीएम ने किसानों को गालियां दीं

## →किसानों ने कहा- साहब, गलत शब्द नहीं कहो; जवाब में बोले- मैं 25 गाली दूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। जावरा एसडीएम अनिल भाना का किसानों को गालियां देते हुए वीडियो सामने आया है। किसान उनसे कह रहे हैं साहब, गलत शब्द मत कहिए। प्यार-मोहब्बत से बात करिए।**

एसडीएम कहते हैं, मैं 25 गालियां दूंगा। मेरे से तमीज से रहना। मुझे जानते नहीं हो। एक किसान से उन्होंने यह तक कहा, समझ नहीं आएगा, कहां जाएगा।

मामला सोमवार का है। बड़ायला चौरासी के किसानों ने यहां रेलवे का दोहरीकरण, गुड्स यार्ड और एप्रोच रोड का काम रुकवा दिया था। वे ज्यादा मुआवजा और नए अंडरपास की मांग कर रहे थे। एसडीएम, रेलवे अफसरों के साथ उन्हें समझाने पहुंचे थे।



मामले में रतलाम कलेक्टर भास्कर लाक्षाकार का कहना है कि एसडीएम से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जांच के लिए कहा है।

**एसडीएम बोले- कोई गाली-गलौज नहीं की-**एसडीएम अनिल भाना का कहना है, मैंने किसी प्रकार की कोई गाली-गलौज नहीं की। मेरे साथ रेलवे का भी अमला था। किसानों को समझाया तो वे अपशब्द कहने लगे। वहां पर गांव के सरपंच भी थे। मुआवजा भी डबल दिया जा रहा है। जो वीडियो सामने आया है, उसके पहले भी कुछ हुआ होगा।

**किसानों ने रेलवे का काम रुकवाया-** बड़ायला चौरासी में रतलाम - नीमच रेल लाइन का दोहरीकरण हो रहा है। इसके लिए जावरा से गुड्स यार्ड को 9 किमी दूर बड़ायला चौरासी में शिफ्ट किया जा रहा है। रेलवे ने गुड्स यार्ड और वहां तक बनाए जाने वाले एप्रोच रोड, दोहरीकरण के लिए बड़ायला चौरासी के 27 किसानों की जमीन अधिग्रहीत की है। किसानों ने गांव में काम रुकवा दिया है। जावरा में किसानों की आपत्ति के बाद रेलवे स्टेशन और गुड्स यार्ड को जोड़ने वाली एप्रोच रोड का काम रोकना पड़ा।

### कार चालक का पेट्रोल पंप में तांडव

# पहले पेट्रोल पंप के कर्मियों से की मारपीट

## फिर बाइक को 100 मीटर तक घसीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** जबलपुर में एक कार चालक का पेट्रोल पंप में तांडव मचाने का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जहां पहले कार में सवार लोगो ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से मारपीट की। उसके बाद नजदीक खड़ी बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गए। जिससे बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं अब बाइक चालक ने कटंगी थाने में शिकायत दर्ज कराई हैं। शिकायतकर्ता वीरेंद्र बर्मन (29) के मुताबिक सोमवार की रात करीब 8 बजे कटंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्रभाकर पेट्रोल पंप गया हुआ था। इस दौरान बाइक पेट्रोल पंप के किनारे खड़ा किया। जहां कार में कुछ असामाजिक तत्व पेट्रोल भरवाने आए हुए थे। पहले कार में सवार लोगो ने पेट्रोल पंप के कर्मियों से विवाद किया। फिर बाइक को करीब सौ मीटर तक घसीटते हुए ले गए। जिसके कारण बाइक एमपी 20 एमएम 0455 पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद कटंगी पुलिस कार चालक की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है ग्राम डुगारी के अन्नू राजपूत, राज राजपूत और आकाश राजपूत तीनों ही कार में बैठे हुए थे। जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया।

# डिंडौरी कलेक्टर ने गाड़ी पर लिखवाया लोकसेवक

### शिवराज भी कर चुके हैं तारीफ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**डिंडौरी।** डिंडौरी कलेक्टर विकास मिश्रा ने एक और नवाचार अपनाया है। उन्होंने अपनी गाड़ी पर कलेक्टर की जगह लोकसेवक लिखी प्लेट लगवाई है। मिश्रा ने कहा, संविधान में कहीं भी कलेक्टर नाम का उल्लेख नहीं है। उसमें लोकसेवक लिखा हुआ है, इसलिए गाड़ी पर भी यही लिखवा लिया है। मंगलवार सुबह असंगठित मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण और योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिले में शिविर का आयोजन किया गया था। इसमें कलेक्टर विकास मिश्रा लोकसेवक लिखी गाड़ी में पहुंचे। सोमवार तक उनकी गाड़ी पर कलेक्टर लिखी प्लेट लगी थी।

इससे पहले भी कलेक्टर मिश्रा कई नवाचारों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने महिला मजदूरों के साथ ईंट भरा तसला उठाया था। वे जमीन पर बैठकर ग्रामीणों की समस्या सुन चुके हैं। कक्षा 9वीं के छात्र को एक दिन का कलेक्टर बनाने पर भी वे चचाओं में रहे थे।

### बोले- ऑफिस नहीं आ पाते मजदूर इसलिए शिविर लगाया

कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा, असंगठित क्षेत्र के मजदूर सुबह से ही काम की तलाश में निकल पड़ते हैं। सरकारी कार्यालयों में अधिकारी 10 बजे के बाद पहुंचते हैं, ऐसे में मजदूर उनसे नहीं मिल पाते। लिहाजा उन्हें श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी और लाभ भी नहीं मिल पाता। इसलिए तय किया गया है कि अधिकारी खुद मजदूरों के पास जाएंगे।

### पूर्व सीएम शिवराज ने की थी तारीफ-

2013 बैच के आईएएस विकास मिश्रा ने 9 नवंबर 2023 को डिंडौरी जिले की कमान संभाली थी। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निवाड़ी दौरे पर मंच से डिंडौरी कलेक्टर की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था, डिंडौरी कलेक्टर विकास मिश्रा सुबह 5 बजे तैयार होकर फील्ड में निकल जाते हैं। जमीन पर बैठकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हैं।

# पेटलावद में 79 मौतों के सभी आरोपी हो गए बरी

## हरदा हादसे के बाद उठे सवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** हरदा के बैरागढ़ में मंगलवार को पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई। यह प्रदेश का पहला हादसा नहीं है, इससे साढ़े आठ साल पहले झाबुआ जिले के पेटलावद में हुए जिलेटिन छड़ों के गोदाम के विस्फोट हुआ था। जिसमें 79 लोगों की मौत हो गई थी। हरदा हादसे ने उस भयानक मंजर की यादें ताजा कर दी। वह हादसा इतना दर्दनाक था कि मृतकों के शरीर के चिथड़े उड़ गए थे, जिन्हें पोटलियों में समेटना पड़ा था।

हरदा हादसा इससे भी गंभीर रूप में सामने आया है जिसमें मरने वालों की संख्या का खुलासा होने में अभी समय लगेगा। इस बीच सरकार और प्रशासन की हादसों पर लीपापोती को लेकर भी लोगों द्वारा सवाल उठाए जाने लगे हैं।

### जब फैसला आया तो सब बरी हो गए

पेटलावद हादसे के मामले में जब न्यायालय का फैसला दिसंबर 2021 में आया तो सभी 7 आरोपियों को जिला अदालत ने बरी कर दिया था। सजा के नाम पर थाना प्रभारी की 1600 रुपए की एक वेतनवृद्धि रोकी गई थी। जिला अदालत ने पेटलावद विस्फोट हादसे के मुख्य आरोपी राजेंद्र कासवां (मृत) और सह आरोपी धर्मेंद्र राठौड़ को भी बरी कर दिया है। विस्फोटक रखने वाले 5 आरोपियों को पहले ही बरी कर दिया गया था। पेटलावद विस्फोट कांड में तीन केस चल रहे थे, जिसमें 7 आरोपी थे। इस मामले में कलेक्टर, एसडीएम, एसपी, एसडीओपी को जिम्मेदार न तय किए जाने पर सवाल उठाए गए थे।



### प्रदर्शनकारियों के बीच बैठे थे शिवराज

पेटलावद हादसे के बाद सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से मिलने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे थे। वहां उन्होंने सड़क पर बैठकर कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया था। चौहान ने पेटलावद थाने के पूरे स्टाफ को बदलने के साथ एसआईटी जांच कराई थी। साथ ही प्रभावितों को नौकरी व रोजगार देने का आश्वासन दिया था। हालांकि जब इस हादसे का फैसला आया तो थाना प्रभारी की वेतन वृद्धि रोके जाने से अधिक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**भोपाल में विश्व हिन्दी सम्मेलन के दौरान हुआ था हादसा-** प्रदेश की राजधानी में भोपाल में दसवां विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 से 12 सितम्बर 2015 के बीच हुआ था और 12 सितम्बर को ही सीएम शिवराज को यह सूचना सम्मेलन में मिली थी कि पेटलावद में हुए विस्फोट में 79 लोगों की मौत हो गई है।

**3 दिन झाबुआ में रुके थे शिवराज-** बताया जाता है कि अफसरों ने उन्हें रोका भी था कि लोगों में गुस्सा है और कोई घटना भी हो सकती है लेकिन शिवराज नहीं माने और 13 सितंबर को पेटलावद पहुंच गए थे। वहां हजारों प्रदर्शनकारियों और नाराज लोगों के बीच वे सड़क पर बैठे रहे और उनकी बात सुनी। वे तीन दिन तक वहां रुक कर पीड़ितों के घर पहुंचे थे। फिर भरोसे में लेकर घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई का पूरा आश्वासन दिया। साथ ही मृतकों के परिजनों की आजीवन मदद की बात भी कही। हालांकि बाद में मदद तो नहीं मिली लेकिन तब लोगों का गुस्सा थम गया था।

# प्रदेश में फिर बदला मौसम, कई शहरों में घना कोहरा

## सुबह ओस गिरी, 2 से 3 डिग्री लुढ़केगा टेम्प्रेचर, रात में ठंड थोड़ी बढ़ेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में मौसम फिर बदल गया है। मंगलवार सुबह कई शहरों में घना कोहरा रहा। भोपाल में विजिबिलिटी घटकर 50 मीटर रह गई, यहां सुबह ओस भी गिरी। जबलपुर, उज्जैन में भी विजिबिलिटी घट गई।**

प्रदेश में 3 दिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस की एक्टिविटी रही। इस वजह से ग्वालियर - चंबल समेत प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश का दौर रहा। सोमवार को भी ग्वालियर में मौसम बदला रहा। बूंदाबांदी के साथ दिन का टेम्प्रेचर 20.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सिस्टम गुजरने से मंगलवार को मौसम फिर बदला और ठंड का हल्का दौर लौट आया। प्रदेश भर में रात के टेम्प्रेचर में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है। कुछ दिनों के बाद एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जेट स्ट्रीम भी चलेगी। इससे प्रदेश में मौसम का मिजाज फिर से बदल जाएगा। शिवपुरी जिले की रन्नौद तहसील में आंधी-बारिश से किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। शिवपुरी जिले की रन्नौद तहसील में आंधी-बारिश से किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है।



**ग्वालियर की रात सबसे ठंडी-** प्रदेश में ग्वालियर की रात सबसे ठंडी रही। पारा 12.5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। पचमढ़ी में यह 16.4 डिग्री रहा। सबसे ज्यादा न्यूनतम तापमान 17.7 डिग्री नर्मदापुरम में दर्ज हुआ।

**फरवरी के मौसम का ट्रेंड...** फरवरी में रातें ठंडी और दिन गर्म रहने का ट्रेंड है। यह ट्रेंड इस बार भी है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस के गुजरने से रात के टेम्प्रेचर में गिरावट होगी, जबकि दिन का तापमान बढ़ा रहेगा। सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहा। भोपाल, जबलपुर समेत प्रदेश के 15 शहरों में पारा 30 डिग्री से अधिक रहा।

New Delhi

# आरक्षण का लाभ जिस जाति को मिल चुका है उसे इससे बाहर निकालना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पिछड़ी जातियों में जो लोग आरक्षण के हकदार थे और इससे लाभान्वित भी हो चुके हैं, उन्हें अब आरक्षित कैटेगरी से बाहर निकलना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि उन्हें अधिक पिछड़ों के लिए रास्ता बनाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के 7 जजों की संविधान पीठ ने मंगलवार को 'इस कानूनी सवाल की समीक्षा शुरू कर दी कि क्या राज्य सरकार को शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में उप-वर्गीकरण करने का अधिकार है?'

संविधान पीठ ने सुनवाई के पहले दिन कहा कि वह 2004 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की वैधता की समीक्षा करेगा, जिसमें कहा गया था कि राज्यों के पास आरक्षण देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आगे उप-वर्गीकृत करने का अधिकार नहीं है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की दलीलों का सारांश देते हुए कहा, "इन जातियों को बाहर क्यों नहीं निकालना चाहिए? आपके अनुसार एक विशेष वर्ग में कुछ उपजातियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वे उस श्रेणी में आगे हैं। उन्हें उससे बाहर आकर जनरल से मुकाबला करना चाहिए। वहां क्यों रहें? जो पिछड़े में अभी भी पिछड़े हैं, उन्हें आरक्षण मिलने दो। एक बार जब आप आरक्षण की अवधारणा को प्राप्त कर लेते हैं, तो आपको उस आरक्षण से बाहर निकल जाना चाहिए।''



New Delhi

## 'आदिवासी बाहर तो मुस्लिम अंदर क्यों? शरीयत पर नहीं करेंगे समझौता...', UCC पर जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने खींच दी विरोध की लकीर



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तराखंड विधानसभा में आज से यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पर बहस शुरू हो रही है। इस बीच मुस्लिम संगठनों ने इस बिल का विरोध करना शुरू कर दिया है। देहरादून में इस बिल के खिलाफ प्रदर्शन भी हुआ. जमीयत-ए-उलेमा-ए-हिंद ने कहा है कि मुसलमान ऐसा कोई भी कानून नहीं मानेंगे जो शरियत के खिलाफ हो.

जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने इस बिल से आदिवासियों को छूट दिये जाने का हवाला देते हुए कहा कि यदि इस कानून से आदिवासी समुदाय को अलग रखा जा सकता है तो संविधान में मिले धार्मिक स्वतंत्रता के आधार पर अल्पसंख्यकों को भी इस कानून के दायरे से अलग रखा जाना चाहिए। जमीयत प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने एक बयान में कहा, 'हम ऐसे किसी भी कानून को स्वीकार नहीं कर सकते जो शरीयत के खिलाफ हो क्योंकि एक मुसलमान हर चीज से समझौता कर सकता है, लेकिन वह शरीयत और मजहब पर कभी समझौता नहीं कर सकता है.' उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधेयक (UCC Bill) पेश किया गया है और अनुसूचित जनजातियों को इस प्रस्तावित कानून से छूट दी गई है. मदनी ने सवाल उठाया कि अगर संविधान की एक धारा के तहत अनुसूचित जनजातियों को इस कानून के दायरे से बाहर रखा जा सकता है.

Uttarpradesh

## मोबाइल पर पॉर्न देखकर बहन के साथ किया रेप, फिर गला घोंटकर मार डाला

**कासगंज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के कासगंज से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां एक सगे भाई ने अपनी नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म किया फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. इस घटना के सामने आने के बाद हर कोई हैरान है.

बताया जा रहा है कि बीते 3 फरवरी को 19 साल का लड़का मोबाइल पर पोर्न वीडियो देख रहा था. उसी दौरान उसने अपनी 17 साल की नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म किया. बात खुल न जाए इस डर से उसने बहन की गला दबा कर हत्या कर दी और फरार हो गया. मृतका के चाचा राधेश्याम अपने भतीजे संजू के खिलाफ स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपी संजू को गिरफ्तार कर लिया.

Bihar

## जाली नोटों की खेप... नेपाली और भारतीय करेंसी बरामद, विदेशी Dollar भी मिला, तीन गिरफ्तार

**सीतामढ़ी, (एजेंसी) बिहार के सीतामढ़ी में पुलिस ने जाली नोटों (fake notes) के कारोबार का खुलासा किया है. यहां पुलिस ने 18 लाख के जाली नोटों की खेप बरामद की है. इनमें कुछ जाली डॉलर और नेपाली करेंसी भी है. इसी के साथ पुलिस ने आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस को उम्मीद है कि इस मामले में बड़े रैकेट का पर्दाफाश हो सकता है.**

जानकारी के अनुसार, यह मामला सीतामढ़ी जिले के पुपरी थाना इलाके का है. यहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और 18 लाख के जाली नोटों के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने एक प्रिंटर और कार भी जब्त की है.

इस मामले में एसडीपीओ अतनु दत्ता ने बताया कि पुपरी थानाध्यक्ष संजय कुमार को सूचना मिली थी कि जाली नोटों के कारोबारी पुपरी बाजार समिति के नजदीक मौजूद हैं, जो जाली नोटों की बड़ी खेप लेकर कहीं जाने वाले हैं. इस सूचना के बाद थानाध्यक्ष ने बाजार समिति पहुंचकर छापेमारी की और दो लोगों को हिरासत में ले लिया.

खेल

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर U19 विश्व कप फाइनल में बनाई जगह, सचिन-उदय चमके

**नई दिल्ली।** भारत ने आईसीसी मेंस अंडर19 वर्ल्ड कप 2024 सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को दो विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। अंडर-19 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने 50 ओवर में सात विकेट खोकर 244 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही लेकिन सचिन और उदय सहारन के बीच हुई शतकीय साझेदारी की बदौलत 7 गेंद शेष रहते फाइनल का टिकट कटाया। भारत की ओर से सचिन ने 96 और उदय ने 81 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से ट्रिस्टन, मफाका ने 3-3 विकेट चटकाए।



इसके जवाब में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही है। टीम ने पहले पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवाए। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह पहली ही गेंद पर पवेलियन लौट गए। शानदार फॉर्म से गुजर रहे मुशीर खान 12 गेंद में चार रन ही बना सके। अर्शिन कुलकर्णी 30 गेंद में 12 रन बनाकर आउट हुए। प्रियांशु मोलिया पांच रन ही बना सके। इसके बाद उदय सहारन और सचिन के बीच शतकीय साझेदारी हुई। सचिन 95 गेंद में 96 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अविनाश 10 रन और अभिषेक बिना खाता खोले आउट हुए। कप्तान उदय सहारन 81 रन बनाकर रन आउट हुए।

दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर शुरुआती 10 ओवर के भीतर ही स्टीव स्टॉक (12) और डेविड टीगर (00) के विकेट गंवा दिए। इन दोनों को तेज गेंदबाज राज लिम्बानी (60 रन पर तीन विकेट) ने आउट किया। प्रिटोरियस और सेलेट्सवेन ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़कर पारी को संभाला। इन दोनों ने हालांकि 22 से अधिक ओवर खेले।

दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम को भारत के तेज गेंदबाजों लिम्बानी और नमन तिवारी (52 रन पर एक विकेट) ने विलोमूर पार्क की पिच से मिल रही गति और उछाल से काफी परेशान किया। प्रिटोरियस और सेलेट्सवेन भी तेज गति से रन बनाने में नाकाम रहे जिससे इस साझेदारी के दौरान अधिकांश समय रन गति चार रन प्रति ओवर से कम रही।

बाएं हाथ के स्पिनरों स्वामी पांडे (38 रन पर एक विकेट) और मुशीर खान (43 रन पर दो विकेट) ने ऑफ स्पिनर प्रियांशु मोलिया के साथ मिलकर सटीक लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करते हुए मेजबान टीम की रन गति पर अंकुश लगाया।

प्रिटोरियस ने लगातार तीसरा अर्धशतक जड़ने के बाद मोलिया पर मिडविकेट पर छक्का जड़ा लेकिन मुशीर की गेंद पर मिडविकेट पर मुरुगन अभिषेक ने उनका शानदार कैच लपका। सेलेट्सवेन ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज तिवारी की गेंद पर एक रन के साथ 90 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

सिनेमा

## ईशा देओल का हुआ तलाक, 11 साल पहले बड़े अरमानों से हेमा मालिनी ने करवाई थी शादी



धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बेटी और बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल ने पति भरत तख्तानी से अलग होने का ऐलान कर दिया है. काफी वक्त से रिपोर्ट्स आ रही थीं कि कपल अलग हो गया है. सोशल मीडिया यूजर्स ने भी ध्यान दिया था कि लंबे समय से ईशा और भरत किसी भी पार्टी या इवेंट में साथ नजर नहीं आए हैं. अब अफवाहों को कन्फर्म करते हुए कपल ने ऐलान कर दिया है कि वो अलग हो गए हैं. ये सब दोनों की आपसी सहमति से हुआ है. कपल ने अलग होने को लेकर जॉइंट स्टेटमेंट में कहा, 'हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला कर लिया है. हमारे इस फैसले में हमने अपने दोनों बच्चों के भले के बारे में सोचा है. वो दोनों हमारे लिए हमेशा प्राथमिकता रहेंगे. हम सभी से हमारी प्राइवेसी का ध्यान रखने की दरख्वास्त करते हैं.' जनवरी 2024 में ईशा और भरत के तलाक के चर्चे हुए थे. बॉलीवुड के गलियारों में ईशा देओल और भरत तख्तानी के टूटते रिश्ते को लेकर खूब गॉसिप हो रही थी. इसकी शुरुआत रेडिट के एक वायरल पोस्ट की वजह से हुई थी. पोस्ट में कहा गया था कि कपल के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. इसके बाद यूजर्स ने इस बात बात पर गौर किया कि साल 2023 से शुरू हुए फेस्टिव सीजन में ईशा देओल को सिर्फ अपनी मां हेमा मालिनी के साथ देखा गया था.

# संपादकीय

## चुनाव आयोग की हिदायत के मायने

बच्चों को महत्त्व देने और उनका इस्तेमाल करने में फर्क है। विडंबना यह है कि राजनीतिक दुनिया में बच्चों की जिंदगी को अहमियत देने से जुड़े मुद्दों पर तो बहुत कम ध्यान दिया जाता है, मगर अक्सर चुनाव प्रचार में उन्हें एक जरिया बना कर भी उपयोग किया जाता है। निश्चित रूप से यह मानवीय संवेदनाओं के नाजुक पहलुओं को भुनाने की तरह है, जिसमें लोग कई बार बच्चों को देख कर किसी मसले पर अपनी राय बना लेते हैं। जबकि यह भी संभव है कि बच्चों को आगे रख कर कोई व्यक्ति या राजनीतिक समूह अपने वैसे मुद्दों के लिए भी समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहा हो, जिनमें आम लोगों की कोई रुचि न हो या फिर वे उससे असहमत हों। जाहिर है, यह न केवल लोगों की भावनाओं के साथ एक प्रकार का खिलवाड़ है, बल्कि मासूमों का बेजा इस्तेमाल भी है। हालांकि कई राजनीतिक दल या उनसे जुड़े नेता और उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बच्चों का इस्तेमाल करने के आरोप लगाते रहे हैं, मगर दूसरे स्तर पर वे भी उस तरह के अभियान से परहेज नहीं करते। अब लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों से कहा है कि वे पोस्टर और पर्चों सहित प्रचार की किसी भी सामग्री में बच्चों का इस्तेमाल 'किसी भी रूप में' न करें। अलग-अलग पार्टियों को भेजे अपने परामर्श में आयोग ने दलों और उम्मीदवारों की ओर से चुनावी प्रक्रिया के दौरान ऐसा करने पर अपने 'कतई बर्दाश्त न करने' की नीति के बारे में स्पष्ट किया। दरअसल, भारतीय समाज में बच्चों के प्रति आम लोगों के भीतर भावनाएं और संवेदनाओं की तीव्रता छिपी नहीं रही है। कई बार किसी पार्टी या उसकी नीतियों से गंभीर शिकायत होने के बावजूद लोग बच्चों का चेहरा देख कर अनदेखी कर देते हैं। इससे मुद्दों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा होती है, जिसका असर चुनावों में जीत-हार पर भी पड़ता है। इसके समांतर चुनावी अभियानों में शामिल किए गए बच्चों और उनके मनोविज्ञान पर कैसा असर पड़ता है, इसका ध्यान रखना किसी को जरूरी नहीं लगता। इस लिहाज से देखें तो चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल किए जाने को लेकर निर्वाचन आयोग के ताजा निर्देश की अहमियत समझी जा सकती है।

**Quote...**

"यदि मनुष्य दूसरों से अधिक जानता हैं, तो वह अकेला हो जाता है।"

-कार्ल जंग

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**चिंता करने वाला आदमी धार्मिक नहीं होता। धार्मिक आदमी कभी चिंता नहीं करता। अगर चिंता करे तो समझना धार्मिक कपड़ो में अधार्मिक छिपा है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान

# तिब्बत में 22 हजार फीट पर 33 वायरस मिले, 28 के बारे में कुछ पता नहीं... इनके संक्रमण का इलाज नहीं






तिब्बत में कई ऐसे ग्लेशियर हैं, जो तेजी से पिघल रहे हैं. वहां पर 15 हजार साल पुराना वायरस मिला है. ये वायरस भारत, चीन और म्यांमार जैसे देशों के लिए खतरा हो सकता है. इस प्राचीन वायरस के संक्रमण का कोई इलाज नहीं है. पूरी दुनिया में पर्माफ्रॉस्ट पिघल रहे हैं. प्राचीन जीव, वायरस, बैक्टीरिया जैसी चीजें निकल रही हैं.

ये किसी हॉरर फिल्म का सीन नहीं सच्चाई है. ग्लेशियरों और पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने वूली राइनो (Woolly Rhino) से लेकर 40 हजार साल पुराने विशालकाय भेड़िये और 7.50 लाख साल पुराने बैक्टीरिया के निकलने का पता चला है. इनमें से मरे हुए नहीं है. सदियों पुराने मॉस में वैज्ञानिकों ने लैब में वापस जीवन डाल दिया. ये बेहद छोटे 42 हजार साल पुराना राउडवॉर्म हैं.

हाल ही में वैज्ञानिकों ने तिब्बत के पठारों पर मौजूद गुलिया आइस कैप (Guliya Ice Cap) के पास से 15 हजार साल पुराना वायरस खोजा है. वो भी एक प्रजाति के नहीं बल्कि कई प्रजातियों के. दर्जनों की संख्या में. ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजिस्ट झी-पिंग झॉन्ग ने कहा कि ये इंसानों के लिए किसी भी समय खतरा पैदा कर सकते हैं.

### 22 हजार फीट की ऊंचाई 33 वायरस, 28 के बारे में कुछ पता नहीं

ये वायरस समुद्री सतह से 22 हजार फीट की ऊंचाई पर चीन में तिब्बत के पिघलते ग्लेशियर के नीचे से मिले हैं. वैज्ञानिकों 33 वायरस खोजे. जिसमें से 28 के बारे में पूरी दुनिया को कुछ नहीं पता. ये इससे पहले कभी देखे नहीं गए. यानी इनके संक्रमण का कोई इलाज नहीं हो सकता. ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के दूसरे साइंटिस्ट मैथ्यू सुलिवन ने कहा कि इन वायरसों ने चरम स्थितियों में अपनी जिंदगी बिताई है. ये अब किसी भी तरह के तापमान या मौसम को झेल सकते हैं.

### हर मौसम झेल चुके ये वायरस, इन पर किसी चीज का असर नहीं

मैथ्यू ने कहा कि इनके जीन्स का अध्ययन करके पता चलता है कि इनके लिए किसी भी तरह का एक्स्ट्रीम मौसम सामान्य है. इससे पहले तिब्बत के ग्लेशियर में बैक्टीरिया के मिलने का पता चला था. ये इतनी तेजी से हो रहा है कि इंसानों के सामने कठिन भविष्य का संकट खड़ा है. खाली मौसम ही नहीं बल्कि ऐसे खतरों से भी जूझना पड़ेगा.

### ग्लेशियरों से निकलती हैं नदियां, वहीं से आएंगे पुराने बैक्टीरिया-वायरस

पिछले साल तिब्बत के ग्लेशियरों में बैक्टीरिया की 1000 नई प्रजातियां मिली हैं. इनमें से सैकड़ों के बारे में वैज्ञानिकों को कुछ भी नहीं पता. जलवायु परिवर्तन की वजह से ये ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं. ये पिघले तो इनका पानी बैक्टीरिया के साथ चीन और भारत की नदियों में मिलेगा. जिसे पीकर लोग नई बीमारियों से संक्रमित हो सकते हैं.

### बिना पानी जीवन मुश्किल, वहीं से आएगा मौत का प्राचीन सामान

यूनिवर्सिटी ऑफ चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंस के वैज्ञानिकों ने तिब्बती पठारों पर मौजूद 21 ग्लेशियरों के सैंपल जमा किए थे. ये सैंपल 2016 से 2020 के बीच जुटाए गए थे. इनमें 968 प्रजातियों के बैक्टीरिया मिले. जिसमें ने 82% बैक्टीरिया एकदम नए हैं. जिनके बारे में दुनियाभर के वैज्ञानिकों को कोई जानकारी नहीं है.

### गंगा, ब्रह्मपुत्र नदियों से नीचे की तरफ आएंगे बैक्टीरिया-वायरस

ग्लेशियर और बर्फीली चादरें धरती के 10% सतह को कवर करते हैं. पृथ्वी पर सबसे ज्यादा साफ पानी का स्रोत इन्ही के पास है. दिक्कत ये हैं कि हजारों साल से जमा इन ग्लेशियरों के नीचे क्या है. कैसा वातावरण है? कैसे जीव या सूक्ष्मजीव रहते हैं. ये किसी को पता नहीं होता. तिब्बत को 'वाटर टॉवर ऑफ एशिया' भी कहते हैं. यहां से एशिया की कुछ बेहद बड़ी और ताकतवर नदियां निकलती हैं.

इन नदियों के आसपास घनी आबादी में लोग रहते हैं. जैसे- यांग्त्जे नदी, यलो रिवर, गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी. अगर बैक्टीरिया इन नदियों के सहारे चीन और भारत की आबादी वाले इलाके तक पहुंच गया तो स्थिति बेहद बुरी हो सकती है. इसका नुकसान भारत और चीन को तो होगा ही. इसके अलावा इन नदियों का पानी उपयोग करने वाले अन्य एशियाई देशों को भी होगा.

## Highlights

1. **Jarange trying to steal our reservation benefits: Chhagan Bhujbal**
2. **Report to police every 14 days: SC to Anand Mohan in IAS officer's murder case**
3. **PM Modi to grace 'Ahlan Modi' event at Zayed sports city stadium**
4. **Indian-origin student robbed, injured in Chicago**
5. **Hyderabad student attacked in Chicago: Family appeals to Modi govt**

# Parliamentary panel recommends cut in GST on insurance products

**NEW DEIHI, (Agency).** There is a need to reduce the GST rate on insurance products, especially health and term insurance, which is 18 per cent at present, recommended the Standing Committee on Finance.

The committee chaired by Jayant Sinha, in its report tabled in Parliament on Tuesday, said they are of the view that the high rate of GST results in a high premium burden, which acts as a deterrent to getting insurance policies.

Discover the thrill of cricket like never before, exclusively on HT. Explore now!




The Committee, to make insurance more affordable, recommended that GST rates applicable to health insurance products, particularly retail policies for senior citizens and micro-insurance policies (up to limits prescribed under PMJAY, presently ₹5 lakh), and term policies may be reduced.

Although the insurance industry in India has shown dynamic growth in recent years, with total insurance premiums increasing with reforms instituted by the current government, the penetration and density of Indian insurance products are still low.

Comprising around 2 per cent of the global insurance market in 2020, the Indian insurance sector has a long way to go compared to the insurance sectors in advanced economies.

# HyperOS transition underlines software's role in Xiaomi Pad 6's renewed vigor

**NEW DEIHI, (Agency).** Summer of 2023 feels a long time ago for more reasons than one. Among the few launches that left a mark was the Xiaomi Pad 6. An effort to spark Android tablets into some form of relevance. After years of attempting to compete with the Apple iPad, or make a genuine case for productivity focus. Xiaomi didn't leave much on the table in terms of performance, battery stamina, design, a gorgeous screen and building a few tablet specific useability features atop an MIUI software that was admittedly meant for smartphones and held



back by Android's limitations. Time has now changed.

It's been a struggle. Android's lack of effort towards any sort of specific functionality for tablets and useability drawing on the advantages of bigger display real estate (multi-tasking, being crucial), has led to tablet makers develop some layers themselves. Samsung's DeX mode which transforms the home screen into something that resembles a Windows desktop, on their recent Galaxy tablets. OnePlus' multi-tasking smarts into OxygenOS on the OnePlus Pad and OnePlus Pad Go. But none has embarked on a software transformation as extensive as Xiaomi's HyperOS.

A complete overhaul, best defines the Xiaomi HyperOS. It is, after all, designed to replace MIUI, a software that has carved a legacy for itself. MIUI had, for significant parts of the past decade, defined flexibility of software customisation (relevant for phones in particular). With time, it began to not look as fresh anymore. As it opens a new chapter, HyperOS' flexible approach fits Xiaomi's smartphones and tablets.

# हादसा- तीसरी मंजिल से गिरा मासूम, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 4 साल के एक बच्चे की मंगलवार को तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। उसे तत्काल एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद से ही माता-पिता बदहवास हैं। हालांकि उपचार के 7 घंटे बाद बच्चे की मौत हो गई। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक बच्चे का नाम आर्यन (4 साल) है। उसके पिता रामस्वरूप मूल रूप से ललितपुर (उप्र) के रहने वाले हैं। वे यहां सांवरिया नगर में किराए से रहते हैं। रामस्वरूप को यह कहकर ललितपुर भेज दिया गया है कि बच्चे की हालत गंभीर है और उसका इलाज ग्वालियर में ही कराया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि आर्यन घर की तीसरी मंजिल पर बड़ी बहन (6 साल) के साथ खेल रहा था। तभी वह तीसरी मंजिल से फिसलकर पड़ोस वाले घर की छत पर गिर गया। छत पर गिरने की आवाज सुनकर पड़ोसी देखने पहुंचे तो आर्यन बुरी तरह घायल पड़ा था। सभी लोग उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां सात घंटे के उपचार के बाद उसने दम तोड़ दिया।

रिश्तेदारों ने बच्चे की मौत की जानकारी मां और दूसरे रिश्तेदारों को नहीं दी है। उन्होंने बताया कि आर्यन की स्थिति गंभीर है उसे आईसीयू में एडमिट किया है। डॉक्टर उसे ग्वालियर भेजेंगे। यह बताकर आर्यन की मां, बहन और दूसरी रिश्तेदार महिलाओं को ललितपुर रवाना कर दिया है। जबकि रामसेवक को बुधवार सुबह एमवाय अस्पताल में आर्यन की मौत की खबर दी गई। यह सुनकर वे बदहवास होकर रोने लगे। आर्यन के परिवार के लोगों ने डॉक्टरों पर लेट लतीफी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। यहां आधे घंटे बाद उपचार शुरू हुआ। सिटी स्कैन कराने के लिए डॉक्टर बलून की व्यवस्था नहीं करा पाए। परिवार ने बताया कि वह आर्यन को पहले तीन अस्पतालों में दिखा चुके थे। एमवाय अस्पताल पहुंचने में काफी देरी हो गई थी।

परिवार के लोगों ने बताया कि बच्चे के पिता रामसेवक पाल डिस्पोजल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करते हैं। वे मंगलवार सुबह 9 बजे फैक्ट्री जाने की तैयारी कर रहे थे। बच्चे की मां टिफिन तैयार कर रही थी।

### यहां दो साल की बच्ची की गिरी

मंगलवार के दिन ही बाणगंगा इलाके के कुशवाह नगर में भी 2 साल की बच्ची रांची ठत से गिर गई। बच्ची के मुंह और सिर में गंभीर चोट है।

# छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भंवरकुआ इलाके में रहने वाले एक स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। वह नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र इंदौर के बाहर का रहने वाला बताया जा रहा है। छात्र इंदौर में पदस्थ एक पुलिस अफसर के परिचित है। सूचना के बाद वह भी अस्पताल पहुंचे है।**

पुलिस के मुताबिक अनिकेत(25) पुत्र राम कुमार बघेल निवासी भोला राम उस्ताद मांग ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। वह यहां रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। पुलिस के मुताबिक जानकारी लगने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय भेजा है। अनिकेत मूल रूप से ग्राम गंगुरूआ सिवनी का रहने वाला है। वह लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह बघेल के परिचित है। सूचना मिलने पर वह भी जिला अस्पताल पहुंचे है।

जानकारी के मुताबिक पढ़ाई को लेकर डिप्रेशन की बात सामने आ रही है अनिकेत का बड़ा भाई डॉक्टर है। वही पिता रामकुमार भी पुलिस डिपार्टमेंट में है। जो श्योपुर में हेड कास्टेबल के पद पर पदस्थ है। अनिकेत के कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें परिवार से माफी मांगी है। वही पढ़ाई को लेकर तनाव की बात लिखी है। यह भी पता चला है कि वह पिछले कुछ समय से ठीक से पढ़ाई पर ध्यान नही दे पा रहा था।

**पीएससी की कर रहा था तैयारी-** छात्र के बारे में प्रारभिंक जानकारी में पता चला है कि उसने इंदौर में रहकर एसएससी की क्लियर की थी। इसके बाद पीएससी के लिये तैयारी में जुटा था। वह दोस्तो से हमेशा कहता था कि उसे उसके मुताबिक नही मिल पा रहा। अनिकेत के परिवार में चाचा भी पुलिस में होने की जानकारी समाने आई है।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही ...

# 15 स्थानों पर मारे छापे

### →हाथ भट्टी मदिरा एवं महुआ लहान जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी मनीष खरे के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में अवैध मदिरा के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अनिल माथुर एवं श्री दिलीप खंडाते के नेतृत्व में मंगलवार को आबकारी वृत्त महू अ, महू ब, बालदा कॉलोनी, आंतरिक 2, छावनी एवं मालवा मिल ब की टीमों के द्वारा महू में विभिन्न स्थानों यथा जोशी गुराडिय़ा, हरसोला, पड़ाव, पत्थर नाला, मालेंडी, बंजारी, गोपालपुरा व अन्य स्थानों पर दबिश देकर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। जिसमें कुल 15 छापों में 12 प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क, 34(I) के तहत पंजीबध्द किये गये। जिसमें 4



आरोपी गिरफ्तार कर कुल 320 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त की गई व 1550 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर सैंपल लेकर मौके पर नष्ट किया गया। समस्त जप्त सामग्री का कुल बाजार मूल्य लगभग 2 लाख 19 हजार रुपए है।

कार्यवाही आबकारी उप निरीक्षक श्री मनीष राठौर, शालिनी सिंह, राजेश तिवारी, मनोहर खरे, मीरा सिंह, सुनील मालवीय आदि ने की। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक ओम प्रकाश राठौड़, सावन ओम बिरला, विपुल खरे, हुकुम सिंह, मोहित रैकवार, अजय चंद्रवाल, विवेक कनाडे, नर्मदा परमजीत कौर, उस्मान बेग, गायत्री, राहुल मौर्य, राहुल जामोद, बबलू सिसोदिया का योगदान रहा।

इसके अतिरिक्त विगत दो दिवस में जिले के विभिन्न वृत्तों में मप्र आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) धारा 36 ए और बी के तहत कुल 59 प्रकरण पंजीबद्ध किये, जिसमें 266.5 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 40.32 बल्क लीटर देशी मदिरा, 17.88 बल्क लीटर विदेशी मदिरा, 720 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया। जप्त समस्त सामग्री की अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार रूपए है। विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## 5 लाख के जेवर चुराने वाले पहुंचे जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बाइक पर टंगे बैग से 5 लाख के जेवर चुराने वाले दो आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। दोनों को मंगलवार शाम कोर्ट पेश किया गया था। चुराए गए जेवर को आरोपियों ने एक सुनार के पास रखा था। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। आरोपियों के पास से बाइक भी जब्त की गई है। द्वारकापुरी टीआई अनिल गुप्ता ने बताया कि यश पुत्र प्रकाश चुगानी निवासी द्वारकापुरी, मोहित पुत्र मयूर पिता राजीव राठौर निवासी द्वारकापुरी ने नगर निगम झोन से खड़ी बाइक से बैग लेकर भागे थे। मंगलवार के दिन इन्हें कोर्ट में पेश किया गया। न्यायालय ने जेल भेजने के आदेश दे दिए। इनको गिरफ्तार करने के लिए इलाके के 60 से अधिक कैमरे चेक करने पड़े थे। आरोपी इस तरह की वारदात को कई बार अंजाम दे चुके हैं। इनके अपराधिक रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

## स्कूल बस को डंपर ने पीछे से मारी मारी टक्कर

इंदौर। चंदन नगर में स्कूल बस को डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे बच्चे सीट से नीचे गिर गए। बस में आठ बच्चे बैठे थे। दो बच्चों को चोट आई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को जब्त कर थाने भेजा दिया है। ड्रायवर की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना श्रीराम तलावली की है। यहां श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल की बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है। घायल बच्चों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। बच्चों के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे थे। वे अपने बच्चों को घर लेकर चले गए हैं।

## रिश्तेदार बनकर शादी में पहुंचा युवक, चांदी के जेवर ओर नकदी लेकर भागा

**इंदौर**। राजेन्द्र नगर इलाके में शर्मा परिवार की शादी में एक अज्ञात युवक ने दुल्हन दुल्हे के पैर पूजने के दौरान चोरी की वारदात को अजांम दिया। चोर यहां से रस्म में आए चांदी के जेवर ओर कुछ नकदी लेकर फरार हो गया। परिवार ने मामले में राजेन्द्र नगर पुलिस को शिकायत की है। मामला राजेन्द्र नगर के नवनीत गार्डन का है। यहां दिनेश शर्मा के बेटभ् निकीता की मंगलवार को शादी का प्रोग्राम था। जिसमें जयपुर से बारात इंदौर आई थी। इस बारात में करीब 50 बाराती शामिल होकर यहां पहुंचे। दोनो परिवार का शाम को रिसेप्शन का प्रोग्राम हुआ। तब यहां एक लडक़ा पहुंचा। तो वह परिवार के लोगो को लगा कि वह लडक़े के परिवार से है। इसलिये ज्यादा पूछताछ नही की। लेकिन रात में फैरो के बाद जब पैर पूजने का प्रोग्राम शुरू हुआ तो युवक वहां दुल्हन ओर दुल्हे के पैर पूजने पहुंच गया। दोनो परिवार के लोगो ने एक दूसरे से पूछा जिसमें परिचित होने से इंकार कर दिया। युवक ने इस दौरान थानी में झपट्टा मारा ओर चांदी की पायजेब ओर बिछुडी सहित कुछ नकदी रूपये हाथ में लेकर भागने लगा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक